स्थापित - 1994

# ग्राम नेहरु युवा ट्रस्ट

G N
Y T

मेंटर युवा क्लब

युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार

# वार्षिक प्रतिवेदन

## वर्ष :- 2015-16


**संयोजन कार्यालय**

देवी हरिदासी लेन, बिलासी टाउन

बी0 देवघर - 814113 (झारखण्ड)

**पंजीकृत कार्यालय**

ग्राम + पो0- जमदाहा, प्रखण्ड- कटोरिया

जिला- बाँका - 813102 (बिहार)

Mob. : 8084653701

e-mail : gnytrust@gmail.com

# ''ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट''

(स्वयं सेवी संस्था)

ग्राम + पो0- जमदाहा, प्रखण्ड- कटोरिया, जिला- बाँका (बिहार)

## वार्षिक प्रतिवेदन :- वर्ष : 2015-16

### 1) पृष्ठभूमि :-

''ग्राम नेहरु युवा ट्रस्ट'' गाँधी एवं नेहरु विचार पर आधारित एक ग्रास रुट की समर्पित स्वयंसेवी संस्था है। संस्था सहभागिता और पारदर्शिता में विश्वास करती है। ''ग्राम नेहरु युवा ट्रस्ट'' स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अभिप्रेरित गठित और संचालित जन विकास संस्था है।

संस्था का शुभारंभ 02 अक्टूबर 1994 को गाँधी जयन्ती के सुअवसर पर हुआ है। संस्था की पहचान गाँव, प्रखण्ड, जिला, राज्य स्तर पर बना है। संस्था की साख और विश्वास दिनों-दिन बढ़ रहा है। संस्था का संबंधन जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अनेक नेटवर्कों से है और बढ़ रहा है।

### 2) दृष्टि लक्ष्य एवं उद्देश्य :-

''ग्राम नेहरु युवा ट्रस्ट'' गाँधी एवं नेहरु विचार पर आधारित समतामूलक, शोषणमुक्त, शान्तिप्रिय, न्याय, सौहार्द्रपूर्ण, सहभागी, जीवंत समाज की स्थापना हेतु गठित होकर कार्यरत है।

अभिवंचित समूह को राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल करना, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को मजबूत करना, सरकारी/ गैर सरकारी योजनाओं से वास्तविक लाभार्थियों को जोड़ना, जनहित का वकालत करना एवं जनशक्तिकरण का सतत् प्रयास करना। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और संवर्द्धन भारतीय संस्कृति व सभ्यता का संवर्द्धन गाँधी और सद्-साहित्य का प्रसार तथा स्वावलम्बन का प्रसार करना हमारा उददेश्य है।



Sk mishra

प्रबन्धकारी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा कटोरिया (बाँका)

## वर्ष 2015-16 के सम्पादित कार्यक्रम/परियोजनाएँ :-

- ✪ स्वास्थ्य जाँच शिविर।
- ✪ कुपोषण पर कार्यशाला।
- ✪ पड़ोस युवा संसद -सह- योग प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- ✪ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम।
- ✪ पर्यावरण संरक्षण / संवर्द्धन कार्यक्रम।
- ✪ सामाजिक मुद्दा आधारित कार्यशाला।
- ✪ युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- ✪ कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- ✪ समेकित कृषि प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- ✪ महिला कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- ✪ वित्तीय साक्षरता जागरुकता अभियान।
- ✪ पुस्तकालय एवं ग्रामीण सूचना केन्द्र की स्थापना।

Skmishra

प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरु युवा ट्रस्ट
जमदाहा कटोरिया (बाँका)

GRAM NEHRU YUVA TRUST BANKA

# संवैधानिक मान्यता :-

- नेहरु युवा केन्द्र, बाँका (बिहार) के तहत् निबन्धित, निबन्धन संख्या- 10/94
- भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के तहत् निबन्धित, निबन्धन संख्या- IV/21/1995, दिनांक 14.06.1995
- योजना आयोग, भारत सरकार के तहत् निबन्धित, निबन्धन संख्या- BR/2009/0011023 (Planning Commission)
- भारतीय जीवन बीमा निगम, भागलपुर के तहत् निबन्धित, निबन्धन संख्या- 83101R052 (Bhagalpur Division)
- आय-कर अधिनियम, 1961 के सेक्शन 12A में निबन्धन हेतु आवेदित।
- पैन नं०- AABTG5060D

# कार्यकारिणी समिति विवरण :-

| क्र० सं० | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री संतोष कुमार झा | अध्यक्ष |
| 2. | श्री हरेन्द्र शर्मा | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री सुनील कुमार मिश्रा | प्रबन्ध न्यासी |
| 4. | श्री तनमय कुमार मित्रा | संयोजक |
| 5. | श्री शिवनारायण यादव | कोषाध्यक्ष |
| 6. | श्री नीरज प्रसाद | सदस्य / न्यासी |
| 7. | श्री अमित कुमार सूरज | सदस्य / न्यासी |
| 8. | श्री विजय कामती | सदस्य / न्यासी |
| 9. | श्री मनोज राय | सदस्य / न्यासी |
| 10. | श्री नारद भट्ट | सदस्य / न्यासी |
| 11. | श्रीमती कंचन कुमारी | सदस्य / न्यासी |

## संस्था का कार्यक्षेत्र :-

| राज्य | जिला | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम |
|---|---|---|---|---|
| बिहार | बाँका | कटोरिया, बौंसी, बाँका, बाराहाट, फुल्लीडुमर एवं शंभूगंज | 60 | 380 |
| झारखण्ड | देवघर | सारवाँ, देवीपुर, देवघर एवं मधुपुर | 05 | 110 |
| | गोड्डा | पथरगामा, बसंतराय, सुन्दरपहाड़ी एवं पोड़ैयाहाट | 03 | 80 |
| | दुमका | जरमुण्डी, जामा एवं सरैयाहाट | 02 | 35 |
| कुल- 02 राज्य | 04 जिला | 17 प्रखण्ड | 70 पंचायत | 605 गाँव |

## संस्था का कार्यालय :-

संस्था का पंजीकृत कार्यालय ग्राम + पो0- जमदाहा, प्रखण्ड- कटोरिया, जिला- बाँका (बिहार) है एवं संयोजन कार्यालय, देवी हरिदासी लेन, बिलासी टाउन, देवघर (झारखण्ड) में अवस्थित है।

| वित्तीय वर्ष | आय ( रुपये में ) | व्यय ( रुपये में ) |
|---|---|---|
| 2015-16 | 9,50,700.00 | 9,50,700.00 |
| 2014-15 | 8,90,077.00 | 8,90,077.00 |
| 2013-14 | 4,91,800.00 | 4,91,800.00 |



प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा,कटोरिया (बाँका)

## उपलब्ध मानव संसाधन :-

| जेन्डर | पूर्णकालिक | अंशकालिक | स्वयं सेवक |
|---|---|---|---|
| पुरुष | 05 | 03 | 10 |
| महिला | 02 | 04 | 10 |
| कुल | 07 | 07 | 20 |

## बैंक विवरण :-

| सामान्य खाता | विदेशी अनुदान प्राप्ति खाता विवरण |
|---|---|
| खाता संख्या- 13680100106874<br>बैंक का नाम- यूको बैंक<br>पता- ग्राम + पो0- जयपुर<br>भाया- कटोरिया, जिला- बाँका (बिहार) | |

## अंकेक्षक :-

श्री विकास कुमार

बी0 के0 एण्ड कम्पनी

जलसार रोड, पो0- बी0 देवघर, जिला- देवघर

(झारखण्ड), पिन- 814112

Skmishra

प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा कटोरिया

GRAM NEHRU YUVA TRUST BANKA

# वर्ष 2015-16 में संस्था द्वारा किये गये कार्य

## स्वास्थ्य जाँच शिविर :-

दिनांक 01.05.2015 (मजदूर दिवस) के उपलक्ष्य पर कटोरिया प्रखण्ड के बसमत्ता पंचायत स्थित महादलित टोला नीलकुंज में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक सोनेलाल हेम्ब्रम एवं डॉ0 योगेन्द्र मंडल ने किया। शिविर में 200 से अधिक महादलित परिवारों की स्वास्थ्य जाँच की गयी एवं आवश्यक दवाई भी दी गयी। शिविर को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्त्ता एवं ए0एन0एम0, आशा कार्यकर्त्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## कुपोषण पर कार्यशाला :-

कटोरिया प्रखण्ड के जमदाहा पंचायत के अनुसूचित जाति टोला स्थित आँगनबाड़ी केन्द्र में एक दिवसीय कुपोषण पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डॉ0 विश्वमोहन मिश्र एवं सी0डी0पी0ओ0 ने किया। कार्यशाला में बच्चों को कुपोषण मुक्त करने पर बल दिया गया। साथ ही कुपोषित बच्चों की जाँच भी की गयी एवं आवश्यक निर्देश भी दिये गये। कार्यशाला को सफल बनाने में विकास मित्र, सेविका/ सहायिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## पड़ोस युवा संसद -सह- योग प्रशिक्षण कार्यक्रम :-

दिनांक 19 जून 2015 को कटोरिया प्रखण्ड के कोल्हासार पंचायत अन्तर्गत "सांसद आदर्श ग्राम- कोल्हासार" प्रा0 वि0 परिसर में एक दिवसीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम -सह- योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के सौजन्य से किया गया जिसका विधिवत् उद्घाटन जिला परिषद् सदस्या डॉ0 निक्की हेम्ब्रम एवं जिला युवा समन्वयक, नेहरु युवा केन्द्र, बाँका द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा नीति पर चर्चा की गयी एवं भारत सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम जैसे- प्रधानमंत्री जन-धन योजना, स्वच्छता अभियान, कौशल विकास, आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। साथ ही सभी प्रतिभागियों को योग प्रशिक्षक द्वारा योग की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में प्रखण्ड के विभिन्न गाँवों के 40 युवा मंडलों के 80 प्रतिभागियों ने भाग



प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा कटोरिया (बाँका)
Skmishra

GRAM NEHRU YUVA TRUST BANKA JAMDAHA

लिया। साथ ही पंचायत के पूर्व मुखिया श्री जनार्दन यादव के साथ-साथ कई शिक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार मिश्रा जी ने किया।

## स्वच्छता अभियान कार्यक्रम :-

कटोरिया प्रखण्ड के जमदाहा, बसमत्ता, कोल्हासार पंचायत के 15 गाँवों में स्वयंसेवी कार्यकर्त्ताओं एवं ग्रामीणों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें गाँव के गलियों, नालियों, विद्यालय परिसर को स्वच्छ किया गया और लोगों को स्वच्छता से होनेवाले फायदे की जानकारी दी गयी। ग्रामीणों से स्वच्छता की निरंतरता हेतु शपथ भी दिलायी गयी।

## पर्यावरण संरक्षण / संवर्द्धन कार्यक्रम :-

वन विभाग, बाँका एवं नेहरु युवा केन्द्र, बाँका के सहयोग से सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उपस्थित वक्ताओं ने पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्द्धन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित लोगों को वृक्ष लगाने को कहा गया। सेमिनार में उपस्थित लोगों को वन विभाग की ओर से निःशुल्क 10-10 पौधों का वितरण भी किया गया। सेमिनार में 100 से ज्यादा ग्रामीणों ने भाग लिया।

## सामाजिक मुद्दा आधारित कार्यशाला :-

कटोरिया प्रखण्ड के आदिवासी बाहुल्य गाँव नकटी स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवसीय सामाजिक मुद्दे पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन माननीया विधायक स्वीटी सीमा हेम्ब्रम ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में सामाजिक मुद्दे जैसे- महिला हिंसा, डायन प्रथा, दहेज हत्या, बलात्कार, महिला अधिकार, अंधविश्वास पर चर्चा की गयी एवं जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में 200 से ज्यादा महिला/पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अवकाश प्राप्त आप्त सचिव, झारखण्ड सरकार श्री राजाराम सोरेन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम :-

दिनांक 18 दिसम्बर 2015 से 20 दिसम्बर 2015 तक कटोरिया प्रखण्ड के जमदाहा स्थित डाकघर परिसर में तीन दिवसीय ''युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षंण'' का आयोजन



प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा,कटोरिया (बाँका)

किया गया जिसका उद्घाटन जिला युवा समन्वयक, नेहरु युवा केन्द्र, बाँका श्री अमल किशोर पासवान एवं पोस्टमास्टर डॉ० बजरंगी मंडल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित 40 प्रतिभागियों को नेतृत्व का विकास कर समाज एवं समुदाय का विकास कैसे करें, इस पर प्रकाश डाला गया। युवाओं को भाषण देने की कला भी सिखायी गयी एवं भाषण प्रतियोगिता भी की गयी जिससे युवाओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाया जा सके। समापन के दिन सभी 40 प्रतिभागियों को नेहरु युवा केन्द्र, बाँका की ओर से प्रमाण-पत्र भी दिये गये। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव सुनील कुमार मिश्रा ने किया।

## कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम :-

बाँका प्रखण्ड के बढ़महुआ गाँव में बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत् पम्पसेट मरम्मति एवं चापाकल मरम्मति का प्रशिक्षण दिया गया, जिसका विधिवत् उद्घाटन उप विकास आयुक्त, बाँका एवं मुखिया श्री दिलीप शर्मा ने किया। प्रशिक्षण 03 माह तक चला एवं 30 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। प्रशिक्षण का आयोजन यूको बैंक आर-सेटी, बाँका के सौजन्य से किया गया।

## समेकित कृषि प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम :-

कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका एवं आत्मा के सहयोग से बाँका प्रखण्ड के लोकला स्थित सहकारिता भवन परिसर में समेकित कृषि प्रबन्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी श्री संजय कुमार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका की कार्यक्रम समन्वयक सुनीता कुशवाहा जी ने किया। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने उपस्थित सभी किसानों को समेकित खेती प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया। नवीनतम तकनीक का उपयोग कर किसान कैसे अधिक लाभ ले सकते हैं, इसकी भी जानकारी दी गयी। साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी दी गयी। वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानों को कृषि के साथ-साथ गाय, भैंस, बकरी एवं मछली पालन से होनेवाले फायदे भी बताये गये तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

## महिला कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम :-

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं नेहरु युवा केन्द्र, बाँका के सौजन्य से कटोरिया प्रखण्ड के ''सांसद आदर्श ग्राम'' कोल्हासार में महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान करने



प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा कटोरिया (बाँका)

हेतु कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के तहत् सिलाई-कटाई एवं अगरबत्ती निर्माण हेतु 30-30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ माननीय सांसद श्री जयप्रकाश नारायण यादव एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कटोरिया श्री प्रेम प्रकाश जी ने किया। प्रशिक्षण की अवधि 03-03 माह थी एवं 30-30 महिलाओं का बैच बनाकर प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण-पत्र दिया गया। प्रमाण-पत्र के माध्यम से बैंक से ऋण लेकर स्वरोजगार प्राप्त करने की दिशा में महिलाऐं उत्सुक हैं।

## वित्तीय साक्षरता जागरुकता अभियान :-

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक "नाबार्ड", क्षेत्रीय कार्यालय, पटना (बिहार) द्वारा प्रबंधित वित्तीय समावेश निधि के सौजन्य से बाँका जिले के बाँका एवं बाराहाट प्रखण्ड के 31 ग्राम पंचायतों में दो दिवसीय नुक्कड़ नाटक एवं दृश्य-श्रव्य शिविर के माध्यम से वित्तीय साक्षरता जागरुकता अभियान का शुभारंभ जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड, श्री सुरेश कुमार शर्मा एवं जिला अग्रणी प्रबन्धक, बाँका श्री प्रकाश पांडेय ने किया। साक्षरता अभियान के तहत् एक दिन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक किया गया। दूसरे दिन शिविर लगाकर डॉक्युमेंट्री फिल्म एवं वक्ताओं के माध्यम से वित्तीय प्रबन्धन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा ऋण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, संयुक्त देयता समूह, डाक बचत योजना की जानकारी दी गयी। साथ ही प्रत्येक पंचायत में 200 लोगों को बीमा योजना, पेंशन योजना से जोड़ा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा प्रबन्धकों सहित बैंक मित्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। संस्था के कार्यकर्त्ताओं ने भी बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पुस्तकालय एवं ग्रामीण सूचना केन्द्र की स्थापना :-

संस्था के पंजीकृत कार्यालय परिसर में ग्रामीण पुस्तकालय की स्थापना की गयी है। साथ ही अभिवंचित समुदायों हेतु सूचना केन्द्र की स्थापना भी की गयी है, जिसमें ग्रामीणों को ज्ञानवर्द्धन हेतु उपयोगी पुस्तक, समाचार-पत्र, पत्रिका निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है एवं सूचना केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाती है। साथ ही सभी प्रकार के ऑन-लाईन सेवा भी उपलब्ध करायी जाती है, जिससे ग्रामीणों को आसान तरीके से सेवा उपलब्ध हो जाती है।



प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा कटोरिया (बाँका)

## संस्था द्वारा आयोजित किये गये अन्य कार्यक्रम :-

- स्वामी विवेकानन्द जयंती (राष्ट्रीय युवा सप्ताह) – 12 जनवरी
- गणतंत्र दिवस समारोह – 26 जनवरी
- गाँधी स्मृति दिवस – 30 जनवरी
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस – 28 फरवरी
- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस – 08 मार्च
- डॉ० भीमराव अम्बेदकर जयंती – 14 अप्रैल
- श्रम दिवस (मजदूर दिवस) – 01 मई
- बाल सुरक्षा दिवस – 01 जून
- विश्व पर्यावरण दिवस – 05 जून
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस – 21 जून
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती – 06 जुलाई
- विश्व जनसंख्या दिवस – 11 जुलाई
- स्वतंत्रता दिवस समारोह – 15 अगस्त
- संत मदर टेरेसा जयंती – 27 अगस्त
- हिन्दी पखवारा दिवस – 14 – 29 सितम्बर
- पं० दीनदयाल उपाध्याय जयंती – 25 सितम्बर
- गाँधी एवं शास्त्री दिवस – 02 अक्टूबर
- सरदार पटेल जयंती / एकता दिवस – 31 अक्टूबर
- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस – 24 दिसम्बर
- पं० मदन मोहन मालवीय जयंती – 25 दिसम्बर



प्रबन्धन्यासी
ग्राम नेहरू युवा ट्रस्ट
जमदाहा कटोरिया (बाँका)
Skmishra